न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं उपखण्ड मजिस्ट्रेट, धोद जिला – सीकर

राजेश कुमार शर्मा बनाम तहसीलदार, सीकर ग्रामीण आदि

किस्म मुकदमा प्रार्थना पत्र धारा 136 LRAct मु.नं. 365 वर्ष 2025

दिनांक	आज्ञा - पत्र
13/2/26	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। तहसीलदार, सीकर ग्रामीण से प्राप्त रिपोर्ट का अवलोकन वकील प्रार्थी द्वारा किया जाकर मुताबिक रिपोर्ट के प्रार्थी का हस्तगत आवेदन स्वीकार कर दुरूस्ती करने का निवेदन किया। हस्तगत आवेदन का अवलोकन किया गया, जिसके अनुसार वकील प्रार्थी ने संक्षिप्ततः निवेदन किया है कि "ग्राम गोठड़ा तगालान पटवार हल्का गोठड़ा तगालान तहसील सीकर ग्रामीण जिला सीकर के नये खाता सं. 302 के वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में प्रार्थी के नाम की प्रविष्टि छींतरदास पुत्र नारायणदास दर्ज है, जो कि अशुद्ध है। जबकि प्रार्थी के नाम की सही प्रविष्टि राजेश कुमार पुत्र नारायण लाल है। प्रार्थी के नाम से बने दस्तावेजात की प्रस्तुत प्रतियों के अनुसार प्रार्थी के नाम की प्रविष्टि राजेश कुमार पुत्र नारायण लाल अंकित है, जो कि सही है। अतः उक्त वर्णित वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में प्रार्थी के नाम की प्रविष्टि छींतरदास पुत्र नारायणदास के स्थान पर उक्त प्रविष्टि राजेश कुमार पुत्र नारायण लाल दुरूस्त किया जावें।"
	प्रकरण में प्रार्थी के अनुतोष के संबंध में तहसीलदार, सीकर ग्रामीण से प्राप्त उक्त रिपोर्ट मय संलग्न दस्तावेजात आदि का अवलोकन किया। उक्त रिपोर्ट मुताबिक प्रार्थी के अनुतोष के अनुसार सही है।
	अतः वकील प्रार्थी का आवेदन तहसीलदार, सीकर ग्रामीण के पत्रांकः भू.अ./26/175 दिनांक 13.01.2026 से प्राप्त उक्त रिपोर्ट व प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात आदि के आधार पर स्वीकार किया जाकर ग्राम गोठड़ा तगालान पटवार हल्का गोठड़ा तगालान तहसील सीकर ग्रामीण जिला सीकर के नये खाता सं. 302 के वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड जमाबंदी में प्रार्थी के नाम की प्रविष्टि छींतरदास पुत्र नारायणदास के स्थान पर उक्त प्रविष्टि राजेश कुमार पुत्र नारायण लाल दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। पूर्व की प्रविष्टि से किसी तरह की सरकारी, गैर सरकारी बकाया एवं उत्तरदायित्व हो तो उसके निर्वहन एवं अदायगी के लिए संबंधित खातेदार/प्रार्थीपक्ष स्वयं जिम्मेदार होंगे। तहसीलदार, सीकर ग्रामीण की दुरूस्ती संबंधी रिपोर्ट आदेश का अभिन्न अंग रहेगी। पालनार्थ तहसीलदार, सीकर ग्रामीण को लिखा जावें।
	आदेश सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।
	उपखण्ड अधिकारी धोद जिला सीकर उपखण्ड अधिकारी धोद जिला सीकर